p>

Title: Need to re-introduce Jodhpur mail connecting Jodhpur and Delhi via Churu and extend express train between Sarai Rohilla (Delhi) and Sadulpur upto Ratangarh.

**श्री राम सिंह कस्वां (चुरू):** जोधपुर से दिल्ली वाया चुरू जोधपुर मेल मेरे संसदीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण रेलगाड़ी थी, जिसे लगभग 15 वर्ष पूर्व डेगाना-दिल्ली वाया चुरू रेल लाइन के आमान परिवर्तन के कारण बंद कर दिया गया था, तब से मेरे सम्पूर्ण संसदीय क्षेत्र का संबंध दिल्ली से कटा हुआ है। आज आमान परिवर्तन का कार्य भी पूर्ण हो गया है। उक्त गाड़ी को पुनः चालू करने के लिए इस क्षेत्र की जनता एवं मेरे द्वारा बार बार मांग करने के बाद भी उक्त गाड़ी के संचालन की घोषणा रेल बजट में नहीं की गई है। मात्र रेवाड़ी-डेगाना पैसेंजर गाड़ी के संचालन की घोषणा की गई है। इसके अतिरिक्त दिल्ली-सरायरोहिल्ला से सादुलपुर तक सप्ताह में तीन दिन चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ी को सप्ताह में 6 दिन संचालित करने की घोषणा की है, इसे अविलम्ब चालू करते हुए इसे रतनगढ़ तक बढ़ाया जाये।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र की महत्ती आवश्यकता को देखते हुए उपरोक्त गाड़ियों का संचालन अविलम्ब किया जाये।